नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से



5 माता वैष्णो की यात्रा फिर शुरू



6 दुनिया को खाक न कर दे यह जंग!



7 गोयल की निवेश और उद्योग सहयोग बैठकें



8 कोहली के मार्गदर्शन में आरसीबी खिताब बचाने को तैयार

# एक्शन में सीएम डॉ. यादव

## सीधी कलेक्टर को हटाया, सीईओ को किया निलंबित



**स्वरोचिष सोमवंशी**
कलेक्टर, सीधी



**अंकित सोनी**
एसपी, गुना

**नवभारत टीम**

**सीधी/गुना। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को एक्शन मोड में नजर आए. वे सीधी का औचक निरीक्षण करने पहुंचे। जनता एवं जन प्रतिनिधि गणों की शिकायतों पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने कलेक्टर सीधी को हटाने के निर्देश दिए. वहीं जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित सीधी सीईओ को निलंबित किया गया। मुख्यमंत्री के दौरे की महज तीन घंटे पहले सूचना दी गई।ऐसे में व्यवस्था बनाने में रविवार को अवकाश के दिन अधिकारियों में काफी अफरा-तफरी देखी गई।**

इसके अलावा गुना के बहुचर्चित 'नोटकांड' के मामले में सीएम के आदेश पर गुना एसपी अंकित सोनी को तत्काल प्रभाव से हटा दिया है. वहीं मामले की गंभीरता को देखते हुए धरनावदा थाना प्रभारी एसआई प्रभात कटारे सहित चार पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है.



### गुना के नोटकांड मामले में एसपी पर गिरी गाज

इस पूरे घटनाक्रम पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोशल मीडिया के माध्यम से शासन की सख्त मंशा जाहिर की. मुख्यमंत्री ने अपने ट्वीट में स्पष्ट किया - मध्य प्रदेश में भ्रष्टाचार और अनैतिक गतिविधियों के लिए कोई स्थान नहीं है. गुना की घटना में संलिप्तता पाए जाने पर किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा. पुलिस की छवि खराब करने वाले तत्वों पर कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी. वहीं गुना के नोटकांड मामले में एसपी को हटाया गया है.

मुख्यमंत्री पनवार हवाई पट्टी में आने के बाद सीधे उच्च विश्राम गृह आए उसके बाद अधिकारियों की क्लास लिए। चंद घंटे के लिए आए प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उच्च विश्राम गृह में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी पर काफी नाराजगी जताए हैं। इस दौरान डॉ. मोहन यादव ने ट्वीट किया कि सीधी जिला मुख्यालय में आकस्मिक निरीक्षण किया। इसमें जनता एवं जन प्रतिनिधि गणों की शिकायतों, जिला प्रशासन तथा विभिन्न विभागों की विस्तृत समीक्षा एवं फीडबैक के आधार पर जिला कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी को तत्काल प्रभाव से हटाने का निर्देश दिए हैं। वहीं जिला सहकारी बैंक सीधी के महाप्रबंधक पीएस धनवाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दिए। अधिकारी जहां काम कर रहे हैं उनको जवाबदारी से काम करना चाहिए। जवाबदारी उनकी नियुक्ति के साथ जारी होती है। फिलहाल अधिकारियों की मनमानी पर अंकुश लगाने को लेकर भी मुख्यमंत्री द्वारा निर्देशित किया गया है कि अपने संयम दायरे में रहें। जनता के हितों को लेकर काम करें अन्यथा जनता यदि शिकायत करेगी तो कार्रवाई निश्ति रूप से होगी।

मुख्यमंत्री के सीधी में आकस्मिक दौरे और सख्त तेवर के चलते कुछ अधिकारी दहशत में है। कलेक्टर एवं जिला सहकारी बैंक पर कार्रवाई के बाद अन्य अधिकारियों पर गाज गिरने के कयास लगाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने साफ तौर पर कहा कि उन्होंने सीधी जिले की जमीनी स्थिति का आंकलन किया। इस प्रकार के दौरे से वास्तविक समस्याओं की पहचान होती है और प्रशासन को आमजन की अपेक्षाओं के अनुरूप कार्य करने की दिशा मिलती है। सर्किट हाउस में मुख्यमंत्री ने आम नागरिकों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए।

# मिडिल ईस्ट संकट पर चर्चा

## जरूरी चीजों की आपूर्ति को निर्बाध बनाए रखने हाई-लेवल मीटिंग

**नई दिल्ली, 22 मार्च. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार शाम को अपने आधिकारिक आवास 7 लोक कल्याण मार्ग पर एक उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की. इस बैठक में सरकार के वरिष्ठ मंत्री और अधिकारी मौजूद रहे, जिसमें मिडिल ईस्ट की मौजूदा स्थिति को देखते हुए पेट्रोलियम, कच्चे तेल, गैस, बिजली और उर्वरक क्षेत्रों से संबंधित स्थिति की समीक्षा की गई. बैठक का मुख्य उद्देश्य देश में तेल, गैस, खाद समेत सभी जरूरी चीजों की आपूर्ति को निर्बाध बनाए रखना था.**



प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट किया कि उनकी सरकार ग्लोबल सप्लाई चेन में आई बाधाओं को दूर करने के लिए लगातार काम कर रही है. उन्होंने कहा, हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रयासरत हैं कि सप्लाई चेन में आई रुकावटों को कैसे दूर किया जाए.

सरकार ने गैस डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम को बेहतर बनाने और सप्लाई पर पड़ रहे दबाव को कम करने के लिए बड़े कदम उठाए हैं. सरकारी बयान के मुताबिक, घरेलू एलपीजी की आपूर्ति फिलहाल पूरी तरह सामान्य है. देशभर में कहीं भी गैस की कमी (ड्राई-आउट) की स्थिति नहीं है और डिलीवरी भी सामान्य रूप से हो रही है. अधिकांश डिलीवरी डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड के जरिए की जा रही हैं और पैनिक बुकिंग में कमी आई है. कमर्शियल एलपीजी के मोर्चे पर सरकार ने आवंटन में लगातार बढ़ोतरी की है. पहले 20 प्रतिशत आपूर्ति बहाल की गई थी.


इस बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, विदेश मंत्री एस. जयशंकर, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, केमिकल एंड फर्टिलाइजर और स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिहं पुरी, श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया समेत अन्य वरिष्ठ मंत्री और अधिकारी मौजूद रहे.

### अमेरिका से एलपीजी और रूस से क्रूड लेकर भारत पहुंचे शिप

**बेंगलुरु, 22 मार्च.** अमेरिका के टेक्सास से लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) लेकर एक कार्गो शिप रविवार को मेंगलुरु पोर्ट पर पहुंच गया है. वहीं रूस से एक जहाज क्रूड लेकर भारत आया. पिछले 7 दिनों में करीब पांच जहाज गैस-कच्चा तेल लेकर समुद्र के रास्ते भारत पहुंचे. इससे पहले 18 मार्च को क्रूड ऑयल टैंकर 'जग लाडकी' गुजरात में अडाणी पोर्ट्स आया था. वहीं, दो अन्य एलपीजी कैरियर एमटी शिवालिक और एमटी नंदा देवी करीब 92,712 मीट्रिक टन गैस लेकर 16 और 17 मार्च को भारत आए थे. हालांकि, ये तीनों जहाज होर्मुज के रास्ते से होकर गुजरे थे. बता दें कि फारस की खाड़ी में अभी भी करीब 22 भारतीय जहाज फंसे हुए हैं. हालांकि, वे सभी सुरक्षित हैं. फारस की खाड़ी में मौजूद होर्मुज स्ट्रेट दुनिया के अहम शिपिंग रूट्स में शामिल है. यहां से दुनियाभर की करीब 20 प्रतिशत ऑयल की सप्लाई होती है.



## एक नजर में



### छग में खल्लारी माता मंदिर के रोपवे की केबल टूटी

**महासमुंद.** छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले में स्थित प्रसिद्ध खल्लारी माता मंदिर में नवरात्रि के दौरान बड़ा हादसा हो गया. रविवार को मंदिर तक जाने वाले रोपवे की केबल टूटने से एक महिला की मौत हो गई, जबकि 17 लोग घायल हो गए. 5 लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें बेहतर इलाज के लिए रायपुर रेफर किया है. इस घटना के बाद मंदिर परिसर और आसपास के इलाके में अफरा-तफरी मच गई. बताया जा रहा है कि ये मंदिर एक ऊंची पहाड़ी पर स्थित है, जो जमीन से करीब 3 हजार फीट ऊपर है.

## गुस्ताखी माफ




# पीएम मोदी ने फिर बनाया रिकॉर्ड

**नई दिल्ली, 22 मार्च. भारतीय राजनीति में एक ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की गई है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिक्किम के पूर्व मुख्यमंत्री पवन कुमार चामलिंग को पीछे छोड़ते हुए भारत में सबसे लंबे समय तक सरकार के प्रमुख रहने का रिकॉर्ड बना लिया है.**

पवन कुमार चामलिंग ने 8,930 दिनों तक मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया. जबकि प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री कार्यकाल को मिलाकर 8,931 दिन पूरे कर लिए हैं. यह एक दुर्लभ और उल्लेखनीय उपलब्धि है, जो दशकों की निरंतर सार्वजनिक सेवा और नेतृत्व को दर्शाती है.



नरेंद्र मोदी के सीएम और पीएम के रूप में 8931 दिन हुए पूरे

उल्लेखनीय है कि पीएम मोदी ने अपनी मुख्यमंत्री काल के दौरान भी गुजरात के सबसे लंबे समय तक सीएम बने रहने का रिकॉर्ड बनाया था. वे मुख्यमंत्री के रूप में सबसे लंबा अनुभव रखने वाले प्रधानमंत्री हैं. इसके साथ ही देश की आजादी के बाद लगातार तीन लोकसभा चुनाव (2014, 2019 और 2024) जीतने वाले पहले प्रधानमंत्री हैं. यह उपलब्धि दृढ़ता, अनुभव और निरंतर जनसमर्थन को रेखांकित करती है.

(शेष पेज 2 पर)

## एआई का इस्तेमाल न्यायपालिका को मजबूत करने के लिए होना चाहिए

**बेंगलुरु, 22 मार्च. प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को न्यायिक प्रणाली में इस तरह शामिल किया जाना चाहिए कि इससे संस्था मजबूत हो, लेकिन इसके मूल कार्यों पर कोई असर न पड़े.**

न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने यह बात कर्नाटक न्यायिक अकादमी में 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता- विवादों की रोकथाम और समाधान' विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का उद्घाटन करने के बाद कही. न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता



की व्यापक रूप में डाटा और रिकॉर्ड को संभालने और प्रक्रियात्मक देरी को कम करने में सहायता लेनी चाहिए. हालांकि निर्णय देने के न्यायिक कार्य में इसका हस्तक्षेप नहीं होना चाहिए. प्रधान न्यायाधीश ने चेतावनी दी कि एआई उपकरणों को निर्णय लेने में हावी होने देने से न्याय वितरण प्रणाली के भीतर पारदर्शिता और जवाबदेही से समझौता हो सकता है.

## आज बढ़ सकता है फ्लाइट्स का किराया

**नई दिल्ली, 22 मार्च.** सिविल एविएशन मंत्रालय ने सोमवार से घरेलू फ्लाइट्स के किराए पर लगी सीमा को हटा दिया है. इसका मतलब यह है कि अब एयरलाइंस अपनी सीटों की मांग के हिसाब से किराए में बढ़ोतरी कर सकती हैं. इससे पहले, दिसंबर में इंडिगो की फ्लाइट्स के कैंसिलेशन और देरी के कारण सरकार ने अधिकतम किराए की सीमा 18,000 तय की थी. अब यह सीमा समाप्त हो गई है और एयरलाइंस को किराए में बढ़ोतरी की छूट मिल गई है. सिविल एविएशन मंत्रालयने कहा कि वे रियल-टाइम किराए की निगरानी करेंगे.

**जंग का 23वां दिन** | इजरायल-यूएस और ईरान के बीच कम नहीं हो रही तकरार, मुसीबत में कई देश

# ट्रंप का बड़ा दावा : ईरान को नक्शे से मिटा चुके

**वाशिंगटन, 22 मार्च (वार्ता) इजरायल-यूएस और ईरान के बीच 23 दिनों से जंग जारी है. इस बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि अमेरिका ने 'ईरान को नक्शे से मिटा दिया है' और यह लक्ष्य तय समय से 'कई सप्ताह पहले' हासिल कर लिया.**

राष्ट्रपति ट्रंप ने यह बयान अपने सोशल मीडिया मंच पर दिया है. यह प्रतिक्रिया उस समय आई है जब ईरान ने इजरायल के डिमोना और अराद स्थित परमाणु ठिकानों



पर मिसाइल हमले किए. ईरान ने इसके अलावा डिएगो गार्सिया स्थित अमेरिका-ब्रिटेन के ठिकानों पर भी मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं, जिससे उसकी लंबी मारक क्षमता का संकेत मिला. उन्होंने कहा कि ईरान का नेतृत्व समाप्त हो चुका है, उसकी नौसेना और वायुसेना खत्म हो चुकी है और उसके पास कोई रक्षा क्षमता नहीं बची है. दावा किया कि ईरान अब समझौता करना चाहता है, लेकिन उन्होंने स्पष्ट किया कि वह इसके पक्ष में नहीं हैं.

### ईरान की दो टूक : होर्मुज पर हमारा ही नियंत्रण

ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कड़ी चेतावनी का पलटवार किया और कहा कि उसकी सैन्य क्षमता पूरी तरह बरकरार है और वह क्षेत्रीय सुरक्षा तथा जलडमरूमध्य की स्थिति को नियंत्रित करने में सक्षम है. ईरान के उप रक्षा मंत्री रेजा तलाएई-निक ने ईरानी मीडिया में आए बयान में कहा कि क्षेत्र में जारी हमले यह दर्शाते हैं कि ईरानी बल रणनीतिक भंडार और स्वदेशी उत्पादन पर निर्भर रहते हुए प्रभावी कार्रवाई कर सकते हैं.

